## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–08.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का उदघाटन किया। उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नवसारी में लखपति दीदियों से बातचीत की। वहीं केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं।

*****************

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पलामू जिला के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज ब्रेस्टफीडिंग रूम और किड जोन की शुरुआत की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुविधा के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि थानों में भी इस तरह की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, पाकुड में अंतराराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति द्वारा महिला पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को सम्मानित किया गया।

*****************

केन्द्र सरकार के बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओ अभियान का गिरिडीह जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ आर पी दास ने बताया कि इस अभियान से जिले के सेक्स रेश्यो में सुधार हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का समाज पर व्यापक असर पड़ा है और लोगों की मानसिकता बदली है। शिल्पा कुमारी दो बेटियों की माता हैं और इस पर उन्हें गर्व है। उनका कहना है कि लड़कियां आज लड़कों से किसी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी स्नेहा कश्यप बताती हैं कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण कई सामाजिक कुरीतियों को मात मिली है।

*****************

राज्य में तिलहन उत्पादन को बढावा और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टेट ऑयलसीड मिशन और जिलों में ऑयलसीड मिशन का गठन किया गया है. केंद्रीय कृषि औऱ किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर इस मिशन का गठन हुआ है. वित्तीय वर्ष 2030–31 तक के लिए लागू इस मिशन के लिए दस हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रावधान किया गया है।

*****************

झारखंड पुलिस ने सात उग्रवादियों पर एक लाख रुपए से लेकर पांच लाख रुपए तक का ईनाम घोषित किया है। इसमें उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का चार, भाकपा माओवादी का दो तथा टीएसपीसी का दो उग्रवादी शामिल है। इन उग्रवादियों में दो सब जोनल कमांडर पर पांच लाख रुपए का ईनाम रखा गया है। ये सभी उग्रवादी पलामू, लातेहार औऱ चतरा जिले में सक्रिय हैं।

*****************

हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत फतह में एनटीपीसी के पदाधिकारी कुमार गौरव की अपराधियों ने आज गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। इधर पुलिस इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

*****************

झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हो रहा है। राजधानी रांची में गृह रक्षा वाहिनी के केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में आय़ोजित होने वाले समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कई खेल प्रतियोगिताएं आय़ोजित होंगी।

*****************

रांची जिला पुलिस तथा महिला बॉक्सिंग टीम के लिए चयन शिविर का आय़ोजन कल होगा. इस शिविर में चयनित बॉक्सर सरायकेला में 21 मार्च से आय़ोजित होने वाले राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**********